सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक - ६८ सोमवार – २३/०२/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

नई तकनीक अपने साथ उत्साह लाती है और आशंकाएं भी। इतिहास में मानवता ने जितने भी बड़े बदलाव देखे, वे इन्हीं मिली–जुली भावनाओं के साथ अपनाए गए।एआई के साथ भी ऐसा ही है, लेकिन इस बार भावनाएं ज्यादा तीव्र हैं। वजह कि बदलाव की रफ्तार बेहद तेज है और असर व्यापक। ऐसे में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस विजन और जिम्मेदारी की बात कही है, उसकी पूरी दुनिया को जरूरत है। इसी से तय होगा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आगे चलकर क्या रंग लाता है।

मानवतावादी दृष्टिकोण । पीएम मोदी ने एआई के लिए मानवम मंत्र दिया है। यह वो मानवतावादी दृष्टिकोण है, जो पारदर्शिता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और साझा विकास की बात करता है। जब कुछ देश तकनीक और संसाधनों पर कब्जा चाहते हैं, तब भारत का संदेश है कि एकाधिकार टूटना चाहिए। कुछ देश प्रॉड्यूसर और बाकी केवल यूजर बनकर नहीं रह सकते। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर ब्रैड स्मिथ ने भी तकनीक के जरिये इसी समानता की बात कही है।

पारदर्शिता और भरोसा एआई से उम्मीद है कि वह विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई को पाटने में मदद कर सकता है। ऐसा भरोसा कभी इंटरनेट ने भी जगाया था, पर विभिन्न देशों के विभिन्न नियम–कायदों ने उसे कई खांचों में बांट दिया। लेकिन, एआई की क्षमता इससे आगे की है। इसकी बढ़त का फायदा सभी को मिल सकता है, बशर्ते पारदर्शिता हो। समिट में भारत ने अपनी सोच रखी कि कोड ओपन हों और शेयर किए जाएं

वैश्विक साझेदारी इसलिए भी जरूरी है ताकि एआई के गलत इस्तेमाल को रोका जा सके। डीपफेक और फर्जी ऑडियो–विडियो–फोटो कानून–व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती हैं और इनका सामना कमोबेश सारे देश कर रहे। इसी वजह से भारत ने पिछले दिनों डिजिटल नियमों को ज्यादा सख्त किया है। पीएम मोदी ने ग्लोबल स्टैंडर्ड की बात कही है, जो वक्त की जरूरत है।

स्वतंत्र बौद्धिकपत्र समाचार पत्र डिजिटल प्ररूप में पढने के लिए वेबसाइड की ईपेपर केटेगीरी से डाउनलोड करे निशुल्क

## ब्राजील राष्ट्रपति ने पहलगाम आंतकी हमले की निंदा की , भारत ओर ब्राजील में क्रटिकल मिनरल्स समझौता ।

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर



ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18–22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। आज उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने यह भी कहा, 'आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है।

दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अ 'एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद उन्होंने शनिवार शाम इंडिया–ब्राजील बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया।

देर रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में लूला का औपचारिक स्वागत किया और उनके सम्मान में स्टेट डिनर दिया।चीन की निर्भरता कम करने की तैयारी में भारत–ब्राजील

क्रटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है।यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है।

लूला बोले– भारत–ब्राजील विकसित राष्ट्र बनने की तरफ बढ़ रहे

भारत–ब्राजील इकोनॉमिक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा कि भारत और ब्राजील के संबंध बेहद आशाजनक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में कई समानताएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और ब्राजील अब केवल विकासशील देशों के रूप में नहीं रहना चाहते, बल्कि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकारों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि वे व्यापार और निवेश के लिए रास्ते खोलें, ताकि कारोबारी समुदाय साझेदारी कर सके और निवेश बढ़ा सके।उन्होंने कहा कि दोनों देशों में निवेश और सहयोग बढ़ने से भारत और ब्राजील की अर्थव्यवस्थाएं साथ–साथ आगे बढ़ेंगी। लूला ने बताया कि पिछले साल उन्होंने अपने उपराष्ट्रपति को पहले व्यावसायिक मिशन पर भारत भेजा था। इस बार वे अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं, जिसमें मंत्री और विभिन्न क्षेत्रों के कारोबारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संकेत है।

## पुराने विवाद पर चले लाठी-डंडे दो घायल ,पीडित परिवार ने पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया

सिटी थाना के भगवान पुर चौराहे की घटना

नीमच के नीमच सिटी थाना क्षेत्र स्थित भगवानपुरा चौराहे पर बुधवार सुबह पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और लाठी–डंडे चलने लगे। इस हमले में दीपू ग्वाल और उसका एक साथी घायल हो गए।घेरकर की गई मारपीट – जानकारी के अनुसार, दीपू ग्वाल और प्रदीप ग्वाल के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही है। बुधवार सुबह दीपू अपने एक साथी के साथ भगवानपुरा चौराहे पर खड़ा था। इसी दौरान प्रदीप ग्वाल अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और दोनों को घेर लिया। आरोप है कि इसके बाद लाठी – डंडों . से मारपीट की गई, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई और भीड जुट गई। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई – घटना की सूचना मिलते ही नीमच सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। घायल पक्ष का आरोप है कि थाने में उनकी शिकायत पर सही ढंग से सुनवाई नहीं हुई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई। एसपी कार्यालय पहुंचा पीड़ित परिवार – पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर दीपू ग्वाल के भाई और परिवार के अन्य सदस्य पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मिलकर न्याय की मांग की। (डीबी एप के सौजन्य से )

## मझदुर युवक का फंदे पर लटका मिला शव

नीमच के जीरन नगर में एक 22 साल के युवक ने शुक्रवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आज शनिवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

कमरे में फांसी के फंदे पर मिला शव – मृतक की पहचान बस स्टैंड क्षेत्र निवासी संजय पिता तुलसीराम अहिरवार (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे संजय ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली।

परिजनों को घटना का पता चलने पर वे उसे तुरंत गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए।

अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया।

## जीरन कॉलेज में प्रभारी प्राचार्या को हटाने की माँग

एबीवीपी ने लगाया ताला ।

नीमच जिले के शासकीय महाविद्यालय जीरन में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी और प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत को तत्काल पद से हटाने की मांग की। इस हंगामे के कारण दिन भर कॉलेज में शैक्षणिक कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा।

यह विरोध प्रदर्शन शनिवार को कॉलेज में हुई एक घटना के बाद शुरू हुआ। शनिवार को एक जांच टीम की मौजूदगी में प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत का एक अन्य प्राध्यापक के साथ तीखी बहस हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इस घटना का वीडियो और इसकी चर्चाएं पूरे नगर में तेजी से फैल गईं, जिससे छात्र–छात्राओं और अभिभावकों में गहरा आक्रोश उत्पन्न हो गया।

सोमवार को कॉलेज खुलते ही एबीवीपी कार्यकर्ता और छात्र मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के गेट पर ताला लगा दिया। स्थिति में तनाव को देखते हुए जीरन पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## आंकली पुलिया पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौके पर मौत ।

सरवानिया चौकी के ग्राम आंकली में पुलिया पर एक सड़क हादसा हो गया। मंडी से उपज बेचकर लौट रही एक ट्रैक्टर–ट्रॉली बेकाबू होकर पुलिया के पास पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालकी मनोहर भील की मौके पर मौत हो गई।

प्राप्त सुचना के अनुसार, चालक अपनी ट्रैक्टर–ट्रॉली से मंडी में कृषि उपज बेचकर मेलानखेड़ा की ओर लौट रहे थे। आंकली पुलिया के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई। मनोहर भील को संभलने का मौका नहीं मिला और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। सरवानिया चौकी पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला।

## पीएम मोदी ने कि मन कि बात में एआई पर चार्चा ।

ऑर्गन डोनेशन को बढावा दे साईबर क्राईम से सतर्क रहे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देश को तीम मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में ग्लोब एआई इम्पेक्ट समिट के दौरान, कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। उन्होंने कहा कि समिट में मैंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाई। एआइ की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है।

पीएम ने कहा– एआइ समिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने रमजान और होली को कहा कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, होली का भी त्योहार आ रहा है। आप सभी को शुभकामनाएं। ये त्योहार खुशी के साथ अपने परिवार के साथ मनाएं।पीएम बोले– देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत

पीएम बोले– केरल में 10 महीने की बच्ची आलीन की मौत हो गई। उसके माता–पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे होंगे उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। माता–पिता ने आलीन के अंग दान का फैसला लिया। आलीन का नाम सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनेशन की लिस्ट में जुड़ गया है। देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत है। पीएम ने कहा कि दिल्ली की लक्ष्मी देवी ने केदारनाथ की यात्री हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद की। उन्हें एक डोनर का हार्ट मिला, इससे लक्ष्मी की जिंदगी बदल गई। ऐसे ही राजस्थान के सीकर के रामदेव को किडनी ट्रांसप्लांट कराया, आज वे स्पोर्ट्स में हैं।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



## https//:sbpatra.in



## पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध